प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मीडिया और मनोरंजन

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और मॉइक्रोसोफट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईसीटी की स्थापना 400 करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस बीच सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि सभी कम्युनिटी रेडियो किसी न किसी उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं और हमारी परंपरा को बढ़ावा दे रहे हैं। वह आज वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी रेडियो समुदाय के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस अवसर पर एल. मुरुगन ने 10वें राष्ट्रीय कम्युनिटी रेडियो पुरस्कार भी प्रदान किए।

-----------------------------------------------------

मस्जिद

नगर निगम शिमला के आयुक्त की अदालत ने संजौली की विवादित मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के आदेश दिए हैं। निगम आयुक्त की अदालत ने आज इस संबंध में अपना फैसला सुनाया। निगम आयुक्त की अदालत के फैसले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता जगतपाल सिंह ने बताया कि वक्फ बोर्ड को आज मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागजात और मस्जिद का नक्शा अदालत में पेश करने को कहा गया था लेकिन वक्फ बोर्ड के वकील ने न तो सही दस्तावेज दिए और न ही अपना पक्ष मज़बूती से रख पाए। इसके बाद निगम आयुक्त ने पूरी मस्जिद को तोड़ने के आदेश दिए हैं।

-----------------------------------------------------

प्रैस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रैस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिन प्रैस स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में प्रैस स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है नई दुनिया में रिपोर्टिंग– प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर कृत्रिम मेधा का प्रभाव। यह विषय पत्रकारिता, मीडिया और प्रेस स्वतंत्रता को बदलने में कृत्रिम मेधा के तेजी से विकास और उपयोग पर प्रकाश डालता है।

........................................................

यातायात

शिमला जिला प्रशासन ने शिमला शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आम जनता से सुझाव मांगे हैं। ये सुझाव उपायुक्त शिमला के कार्यालय में और ई–मेल के माध्यम से 10 मई तक दिए जा सकते हैं। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर की अध्यक्षता में विशेष समिति इन सुझावों पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता मुख्य तौर पर स्पीड, रेड लाइट्स, सर्कुलर व अन्य संकरे मार्गों पर वन–वे, स्टॉपेज, ट्रैफिक जाम से निजात और भारी वाहनों के आवागमन के बारे में सुझाव दे सकती है। ज़िला प्रशासन ने स्कूल बसों और स्कूल टैक्सियों के संचालन को लेकर भी सुझाव मांगे हैं।

........................................................

नीट

राष्ट्रीय परीक्षण ऐजेंसी द्वारा कल 4 मई को देशभर में नीट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल में भी इस परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि इस परीक्षा के लिए मंडी में 7 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से चार परीक्षा केन्द्र मंडी में और 3 सुंदरनगर में बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी परीक्षार्थियों से आह्वान किया है कि वे परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आरंभ होने से एक घंटा पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। इस बीच नीट परीक्षा के चलते सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास धारा–163 लागू रहेगी।

........................................................

मार्ग बहाल कार्य

चंबा– पांगी वाया किलाड़ साच पास मार्ग को बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि साच दर्रे को जून माह तक वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समुद्र

**तल से करीब 14 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर स्थित साच दर्रे से भारी बर्फ को हटाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, जिनमें करीब 15 छोटे बड़े गलेशियर है।**

**...........................................................**